प्रीलिम्स फैक्ट्स: 04 अप्रैल, 2019

- ग्रिडिटेक- 2019 GRIDTECH-2019
- न्यूजेन मोबिलिटी समिट 2019
- अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते Advance Pricing Agreements (APAs)

ग्रिडिटेक- 2019 GRIDTECH-2019

हाल ही में पावर ग्रिड के छठें अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन **GRIDTECH-2019** के आयोजन की शुरुआत की गई है।

- ग्रिडिटेक- 2019 का आयोजन 3 से 5 अप्रैल 2019 तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है।
- मिनिस्ट्री ऑफ पावर, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पावर तथा इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सहयोग से पावर ग्रिड के इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- इस आयोजन में ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, रिन्यूएबल इंटीग्रेशन के क्षेत्र में नई तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- यह आयोजन स्मार्ट ग्रिड, संचार आदि प्रदर्शनियों और समवर्ती शिखर सम्मेलन के प्रदर्शकों, आगंतुकों और प्रतिनिधियों के लिये एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।

उद्देश्य

- इसका मुख्य उद्देश्य सभी कंपनियों को विद्युत और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने, समग्र सार्वजनिक क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लाभ प्राप्त करने, भारत और विदेशों में विद्युत् बाज़ार में व्यापार के अवसरों की पहचान करने में मदद के लिये एक अवसर प्रदान करना है।

न्यूजेन मोबिलिटी समिट 2019

अंतर्राष्ट्रीय ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी केंद्र (International Centre for Automotive Technology- ICAT) द्वारा 'न्यूजेन मोबिलिटी समिट- 2019' का आयोजन किया जाएगा।

- इस शिखर सम्मेलन का आयोजन 27 – 29 नवंबर, 2019 तक NCR स्थित मानेसर में किया जाएगा।

उद्देश्य

इसका उद्देश्य स्मार्ट एवं हरित भविष्य के लिये उन्नत ऑटोमोटिव तकनीकों के त्वरित अनुपालन, समावेशन एवं विकास हेतु नए विचारों, जानकारियों, वैश्विक अनुभवों, नवाचारों और भावी तकनीकी रुझानों को साझा करना है।

- इस आयोजन द्वारा ऑटोमोटिव उद्योग के सभी हितधारकों को एकजुट करने के लिये उन्हें एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी जहाँ प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर हुई प्रगति को समझने के लिये चर्चा की जाएगी।
- विभिन्न देशों के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संगठनों तथा परीक्षण प्रयोगशालाओं में कार्यरत विशेषज्ञ भी इस शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे और स्मार्ट एवं हरित प्रौद्योगिकियों के विकास से जुड़े अपने अनुभवों तथा ज्ञान को साझा करेंगे।

अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते Advance Pricing Agreements (APAs)

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने 18 अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते (APAs) करने की जानकारी दी, जिसमें 2 द्विपक्षीय अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते शामिल हैं।

- इन APAs पर हस्ताक्षर के साथ, वर्ष 2018-19 में CBDT द्वारा दर्ज कयिे गए APAs की कुल संख्या 52 है, जसिमें 11 द्वपिक्षीय APAs शामलि हैं।
- CBDT द्वारा दर्ज कयिे गए APAs की कुल संख्या अब 271 हो गई है।
- ऑस्ट्रेलया, नीदरलैंड्स और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक द्वपिक्षीय APA पर हस्ताक्षर कयिे गए, जो अर्थव्यवस्था के वभिन्नि क्षेत्रों एवं उप-क्षेत्रों से संबंधति है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-04-04-2019